'फार्म पौण्ड व तारबंदी योजना से किसानों को लाभान्वित करें'

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान केन्द्र में मासिक तकनीकी कार्यशाला व खण्डीय समीक्षा बैठक का आयोजन अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) त्रिलोक कुमार जोशी व कृषि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ भूपेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में किया गया।

मासिक तकनीकी कार्यशाला में दिसम्बर में की गई कृषि क्रियाओं की प्रगति पर समीक्षा तथा जनवरी में

- **कृषि अधिकारियों की मासिक तकनीकी व खण्डीय समीक्षा बैठक आयोजित**

कृषकों द्वारा की जाने वाली कृषि व उद्यानिकी तकनीकी पर चर्चा की गई। अतिरिक्त निदेशक (कृषि) जोशी ने कृषि विभागीय योजनाओं की अब तक अर्जित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि फार्म पौण्ड, पाइपलाइन, डिग्गी, तारबंदी, कृषि यंत्र, गोवर्धन जैविक योजना, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग आदि योजनाओं का शत प्रतिशत आवंटित व्यय खर्च कर किसानों को लाभान्वित करें। उन्होंने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि के निर्देश दिए।

जोशी ने विभिन्न योजनाओं में भौतिक सत्यापन कर तत्काल वित्तीय स्वीकृति जारी करने और 7 दिवस में बजट उपयोग करने के निर्देश दिए। कृषि आदान निरीक्षकों को निर्देशित किया कि इस वर्ष आवंटित बीज, उर्वरक अथवा कीटनाशी के शत-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति निरीक्षक वार पूर्ण करें। कृषि आदान निरीक्षकों को निर्देशित किया कि गत वर्षों में अमानक पाए गए बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन के कोर्ट केस यदि शेष हैं, तो अविलम्ब वाद दायर करवाएं। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत जिले का प्लान यथा शीघ्र बनाकर कृषि आयुक्तालय भिजवाने के निर्देश दिए गए। कृषकों कृषि विभागीय गतिविधियों का लाभ किसानों को अधिक से अधिक समयबद्ध मिले, इसका क्रियान्वयन अधिकारी सुनिश्चित करें। जिले में उर्वरक की समुचित व्यवस्था व वितरण सुनिश्चित करने हेतु व उच्च गुणवत्ता का कृषि आदान कृषकों को उपलब्ध हो।

कृषि अधिकारियों की मासिक तकनीकी व खण्डीय समीक्षा बैठक को त्रिलोक कुमार जोशी ने संबोधित किया।

नोखा स्टेशन का मुख्य गेट चार माह से बंद

नोखा, (कासं)। रेलवे स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार पिछले चार माह से बंद है। करोड़ों रूपए की लागत से हुए विकास कार्यों के तहत मुख्य भवन का निर्माण पूरा होने के बावजूद, गेट को लोहे की चादरों से बंद रखा गया है। इससे सैकड़ों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्टेशन पर पिछले दो वर्षों से विकास कार्य जारी हैं, जो अब अंतिम चरण में हैं। मुख्य भवन, जो स्टेशन का प्रमुख प्रवेश द्वार है, उसका निर्माण पत्थर की नक्काशी, रंग-रोगन और लाइटिंग के साथ पूर्ण हो चुका है। इसके बावजूद मुख्य गेट को लोहे की चादरों से बंद रखा गया है।

आसपास के दुकानदारों ने बताया कि मुख्य गेट बंद होने से दैनिक यात्रियों को असुविधा हो रही है। स्टेशन के सामने स्थित एक दुकानदार कैलाश पारीक ने बताया कि टिकट खिड़की और रिजर्वेशन काउंटर इसी मुख्य गेट के पास नवनिर्मित भवन परिसर में पहले ही शुरू हो चुके हैं। लम्बी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों और उनके परिजनों को सामान व बच्चों के साथ दूसरे स्थान तक जाने और फिर घूमकर वापस आने में काफी परेशानी होती है। कई बार इस कारण उनकी ट्रेन भी छूट जाती है। पैदल यात्रियों के लिए भी इस गेट से निकलने का कोई सीधा मार्ग उपलब्ध नहीं है।

करणी गौशाला में 85 लाख से बनेंगे दो टीनशेड

देशनोक, (कासं)। मां करणी की 100 वीं कथा के दौरान भारतीय सेना की 19 वीं राजपूत बटालियन ने श्री करणी गौशाला के लिए 85 लाख रूपये की लागत से दो बड़े टीनशेड बनाने की घोषणा की है।

इस अवसर पर गोसेवा के लिए कुल एक करोड़ रुपये की धनराशि एकत्रित की गई, जिसे गौशाला के विकास कार्यों में लगाया जायेगा। यह ऐतिहासिक कथा देशनोक में भक्ति, सेवा और समर्पण का केन्द्र बनी। कथा वाचक महंत करणी प्रताप के आव्हान पर श्रद्धालुओं ने गोसेवा के लिए बढ़-चढ़कर दान दिया। महंत करणी प्रताप ने कहा कि वे अपनी अंतिम सांस तक मां की कथा, गोसेवा और मानव सेवा को अपना सर्वोच्च लक्ष्य मानते रहेंगे। कथा वाचक डॉ. करणी प्रताप ने बताया कि भारतीय सेना की 19 वीं राजपूत बटालियन के जवान पांच बसों में सवार होकर देशनोक पहुंचे और करणी माता की कथा में शामिल हुए।

बटालियन के जवानों ने गोसेवा के प्रति अपना समर्पण दिखाते हुए गौशाला में दो बड़े टीनशेड के निर्माण की घोषणा की, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 85 लाख रूपये है। जवानों की इस घोषणा से कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। इसे सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण

सार-समाचार

मूटकोर्ट में परिवाद खारिज किया

विधि विद्यार्थियों के द्वारा मंचित मूटकोर्ट में फैसला सुनाया।

बीकानेर, (कासं)। ग्रेसी बनाम डॉ. राकेश जैन के मामले में न्यायालय उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग, बीकानेर ने डॉ. राकेश जैन के खिलाफ किए गए परिवाद को खारिज किया गया। यह निर्णय आज ब.ज.सि रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा मंचित मूटकोर्ट के अन्तर्गत सुनाया गया। महाविद्यालय की प्रायोगिक गतिविधि के क्रम में आज इस मूटकोर्ट का आयोजन किया गया। मूटकोर्ट के द्वारा विधि विद्यार्थियों ने एक बारगी न्यायालय का माहौल पैदा कर दिया। मामले को जीवंत रूप देने के लिए न्यायाधीश, वकील, स्टेनो, प्रार्थी, अप्रार्थी, गवाह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा अन्य सभी न्यायिक कर्मचारीयों की भूमिका विधि विद्यार्थियों के द्वारा निभायी गई। महाविद्यालय में अयोजित मूटकोर्ट में विशेषज्ञ के रूप में ज्ञान विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भंवरलाल विश्नोई ने विधि विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधि विद्यार्थियों के द्वारा जो यह प्रयास किया गया है। एकबारगी वास्तविक न्यायालय का आभास करवाता है। डॉ. विश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं तथा उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। डॉ. विश्नोई ने इस अवसर पर समस्त स्टाफ तथा मूट कोर्ट के प्रतिभागियों को मूट कोर्ट के सफल आयोजन पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कानून की पेचिदगियों की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। डॉ. विश्नोई ने सम्पूर्ण प्रक्रिया का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों को कानूनी बारीकियों एवं साक्ष्य के विभिन्न प्रकारों से रूबरू करवाया।

सज रहे क्रिसमस ट्री

बीकानेर, (कासं)। ईसाई समाज के लोगों के लिए गुरूवार का दिन साल का सबसे खास और खुशियों भरा रहेगा। असवर होगा प्रभु यीशु के जन्म का। क्रिसमस ईव के की तैयारियों को लेकर मसीह समाज के लोग खासा उत्साहित हैं। क्रिसमस ट्री और चरनी सजाने की तैयारी परवान पर है। सेंट फ्रांसिस ज़ेवियर कैथोलिक चर्च में मंगलवार को सभी सदस्य एकजुट होकर बालक यीशु के आगमन के स्वागत के लिए आकर्षक चरनी की तैयारी में जुटे। विभिन्न यूनिटों के लोगों ने मिलकर चरनी को सजाने, प्रकाश व्यवस्था करने और क्रिसमस के संदेश वाले दृश्य तैयार किए। इसमें शांति, प्रेम, सद्भाव, समरसता वाले तैयार किए जा रहे हैं। चरनी निर्माण के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने छोटे-छोटे सजावटी हिस्सों को सजाया। युवाओं ने व्यवस्था और निर्माण का कार्य संभाला, जबकि वरिष्ठ सदस्यों ने मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। चर्च गतिविधियों के साथ-साथ, चर्च के अनेक सदस्यों ने अपने घरों को भी क्रिसमस के लिए विशेष रूप से सजाया। रोशनी, सितारों, क्रिसमस ट्री और सजावटी सामानों से उनके घरों में त्योहार की खुशी और आध्यात्मिक वातावरण स्पष्ट दिखाई देने लगा है। सुबिन जॉन के अनुसार क्रिसमस सेवाओं और रात्रि मिस्सा के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु बालक यीशु के जन्मोत्सव का उत्साहपूर्वक स्वागत करने को उत्सुक हैं। दूसरी ओर सैंट मार्क्स सीएनआई चर्च से कैरल्स गायन मंडली मसीह समाज के लोगों के घर-घर पहुंची।

मेडिकल कॉलेज का एक हिस्सा अनसेफ, दुबारा बनाने की दरकार

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज भवन का एक हिस्सा जुलाई में मानसून के दौरान धराशायी हो गया। उसे दुबारा बनाने के लिए करीब ढाई करोड़ रूपए की दरकार है। इसके प्रस्ताव बजट फाइनेंस कमेटी के समक्ष रखे गए थे लेकिन एक पैसा नहीं मिला।

एसपी मेडिकल कॉलेज के लिए बजट फाइनेंस कमेटी की बैठक सोमवार को जयपुर में हुई थी। प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा सौ करोड़ रूपए से अधिक के बजट प्रस्ताव तैयार कर ले गए थे, लेकिन वेतन बजट की ही मंजूरी मिली है। मैन पावर के लिए मात्र 50 लाख रूपए दिए गए हैं। सर्जिकल उपकरण और सिविल वर्क के लिए एक पैसा नहीं मिला।

कॉलेज प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि कॉलेज का एक हिस्सा जुलाई में धराशायी हो गया था। उसका मलबा तक नहीं उठा है। उस हिस्से में बैंक और लेबोरेट्री चल रही थी, जिसे शिफ्ट करना पड़ा। इसके अलावा अन्य कार्यालय भी दूसरे भवन में शिफ्ट कर

- **मेडिकल कॉलेज भवन का एक हिस्सा जुलाई में मानसून के दौरान धराशायी हो गया। उसे दुबारा बनाने के लिए करीब ढाई करोड़ रूपए की दरकार है**
- **बीएफसी में सिविल वर्क के लिए पैसा ही नहीं मिला**
- **अब पट्टियों में क्रेक आ रहें और फॉल्स सीलिंग गिर रही हैं**

दिए गए हैं। पीडब्लयूडी ने उस हिस्से को अनसेफ घोषित कर रखा है। अब उस हिस्से का नया निर्माण होना है। इसके लिए करीब ढाई करोड़ रूपए की जरूरत बताई गई है। इसके अलावा कॉलेज और पीबीएम कैम्पस में काफी सिविल वर्क पेंडिंग पड़ा है। एनाटॉमी विभाग के लिए अलग से लैब प्रस्तावित है। सौन्दर्यीकरण के नाम पर धन की बर्बादी पीबीएम हॉस्पिटल में पिछले दो साल में सौन्दर्यीकरण पर ही 16 करोड़ रूपए खर्च कर दिए गए जबकि यह बजट हॉस्पिटल की मेंटिनेंस पर लगाया जाना था।

अधीक्षक कार्यालय के बाहर गाड़ियां खड़ी करने के लिए पोर्च और पार्क को रेनोवेट कर दिया। पट्टियों की छतों को फाल्स सीलिंग से ढक दिया गया। अब पट्टियों में क्रेक आ रहें और फॉल्स सीलिंग गिर रही हैं। एसपी मेडिकल कॉलेज और पीबीएम हॉस्पिटल की मरम्मत के लिए पीडब्लयूडी ने एक-एक करोड़ रूपए की दो एनआईटी लगाई थी, लेकिन उसमें काम पूरे नहीं हो पाये हैं।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रिंसिपल, एसपी मेडिकल कॉलेज का कहना है कि बीएफसी में सौ करोड़ से अधिक के प्रस्ताव रखे गए हैं। सिविल कार्यों के लिए पैसा नहीं मिला है। इसके लिए अब फाइल डीएमई के माध्यम से वित्त विभाग को भेजी जा रही है।

ठंडी हवाओं से बढ़ा सर्दी का असर

श्रीगंगानगर,(कासं)। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से श्रीगंगानगर जिले में कड़ाके की सर्दी शुरू हो चुकी। बुधवार सुबह जिलेभर में मौसम ड्राई बना रहा और धूप निकली हुई है। जिसके कारण सूखी ठंड का प्रभाव अधिक बना हुआ है। साथ ही ठंडी हवाएं भी चल रही है।

मौसम रडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 22.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि इससे पहले सोमवार को यहां न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। मौसम ड्राई बना रहने से न्यूनतम तापमान में 11.6 डिग्री की गिरावट आई है।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार उत्तर भारत में कोहरे का दौर जारी है। पंजाब के साथ लगते इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। राजस्थान के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री या इससे भी नीचे जा सकता है।

पानी की बोतल को लेकर छात्राओं में चाकूबाजी

बीकानेर, (कासं)। सरकारी स्कूल में 11वीं की छात्रा ने 12वीं की छात्रा पर चाकू से हमला कर दिया। छात्रा के हाथ पर दो जगह गंभीर चोट आई है। घटना के बाद विद्यालय परिसर में हड़कम्प मच गया। घायल छात्रा को तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

घटना एक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल के बाहर की है। छुट्टी होने के बाद छात्राएं बाहर निकल रही थीं, तभी अचानक एक छात्रा ने चाकू निकालकर सीनियर छात्रा पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन एवं स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गए। वहीं स्थानीय पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर किसी ने कोई रिपोर्ट नहीं दी है। छात्राओं ने बताया कि 11वीं की एक छात्रा अपनी पानी की बोतल स्कूल के ऑफिस में भूल गई। वो वापस लेने गई तो 12वीं की छात्रा ने उसकी पानी की बोतल को लात मार दी। इस पर दोनों छात्राओं में विवाद हो गया। छुट्टी होने के बाद छात्रा ने अपनी सीनियर पर चाकू से हमला कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि एक घायल

- **स्कूल से निकलते ही 11वीं की स्टूडेंट ने सीनियर पर किया हमला, चारों ओर खून**
- **जब घायल छात्रा को दूसरी छात्रा ने चाकू मारा तो स्कूल यूनिफॉर्म खून से सन गई**

छात्रा को लोग हॉस्पिटल लेकर आये थे। उसके हाथ में दो जगह गंभीर चोट लगी थी। टांके लगाने पड़े, फिलहाल छात्रा की हालत स्थिर है।

जानकारी के अनुसार जब घायल छात्रा को दूसरी छात्रा ने चाकू मारा तो स्कूल यूनिफॉर्म खून से सन गई। स्कूल स्टाफ ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद छात्रा के परिजनों को सूचना दी और वे भी अस्पताल पहुंचे। एक बार तो मामला गरमा गया लेकिन ग्रामीणों ने बीच में समझाइश कर मामले को शांत कर दिया।

मूंगफली से भरे वाहन में आग लगी

नापासर, (कासं)। रेलवे फाटक के पास मूंगफली से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। यह घटना ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आने से हुए शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरा ट्रक जलने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी सुषमा शेखावत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। जलते हुए ट्रक को नापासर-बीकानेर सड़क पर एक सुनसान जगह पर ले जाया गया, जिससे किसी बड़े नुकसान को टाला जा सके। पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

राहत की बात यह रही कि इस

- **मूंगफली से भरा ट्रक ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आने से शॉर्ट सर्किट से हुई**
- **आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरा ट्रक जलने लगा**

हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि आग के कारण ट्रक को भारी क्षति पहुंची है। पुलिस और दमकल विभाग ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

गर्विता गोवा स्केटिंग प्रति. में दिखायेगी दम

श्रीगंगानगर, (कासं)। पांच साल की नन्ही स्केटर गर्विता महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली 45 वीं ऑल इंडिया रोलर रिले स्केटिंग प्रतियोगिता और जनवरी में गोवा स्केटिंग फेस्टिवल में हिस्सा लेंगी। इन दोनों टूर्नामेंट्स से अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा। प्रतियोगिता का आयोजन 26 व 27 दिसम्बर को महाराष्ट्र में होगा।

सीकर जिले के भुरानपुरा गांव की रहने वाली गर्विता जवाहर नगर स्थित मदर्स प्राइड स्कूल में यूकेजी की छात्रा है। गर्विता ने पदमपुर खेलो इंडिया, शाहपीनी यूथ खेलो इंडिया में भी गोल्ड मैडल जीते हैं। 2025 में इनलाइन स्केट्स पर स्विच करने के बाद इंडो-नेपाल चयन प्रतियोगिता, सादुलशहर, राज्य स्तरीय और उदयपुर टूर्नामेंट में प्रथम स्थान हासिल किया।

राज्यपाल ने छात्रों को दी अनुशासन की नसीहत

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यार्थियों की सभ्यता, अनुशासन और राष्ट्रबोध को लेकर सख्त लेकिन स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री हासिल कर लेना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है, छात्रों को अपने आचरण और व्यवहार में भी सभ्यता दिखानी चाहिए। उन्होंने स्टूडेंट्स को यूनिफॉर्म में आने और हर रोज शेविंग करने की सलाह देते हुए कहा कि शिष्टता दिखानी चाहिए।

राज्यपाल ने मंच से कहा कि कई बार दीक्षांत समारोह जैसे गरिमामय कार्यक्रमों में छात्र डिग्री लेने के बाद सभागार छोड़ देते हैं, जो सही परंपरा नहीं है। उन्होंने बताया कि उदयपुर की सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के दीक्षांत

- **उदयपुर में डिग्री लेकर स्टूडेंट्स हॉल के बाहर गए और वापस नहीं लौटे**

समारोह में बड़ी संख्या में डिग्रीधारी छात्र बाहर चले गए और वापस नहीं लौटे, जिस पर उन्होंने कुलपति के समक्ष नाराजगी भी जताई थी। इसके बाद दूसरे यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में स्टूडेंट्स अंत तक बैठे रहे। ऐसे कार्यक्रमों में आपको गरिमा दिखानी चाहिए। हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं बल्कि अच्छा नागरिक बनना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि आज स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाई की गंभीरता कम हो रही है। छात्रों को ईमानदारी से पढ़ना चाहिए और जीवन में कभी भ्रष्टाचार का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि स्कूली और कॉलेज स्तर की पाठ्य पुस्तकों में ऐसा पाठ शामिल किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को यह समझाया जा सके कि सभ्यता क्या होती है और समाज में कैसा व्यवहार अपेक्षित है।

राज्यपाल ने राष्ट्रभक्ति से जुड़े ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि एक समय वंदेमातरम कहने पर अंग्रेज भारतीयों को मारते थे। लेकिन जब भारतीय सैनिक अंग्रेजों के लिए लड़कर उनके राष्ट्र को जिताने का काम करते थे, तब वही अंग्रेज वंदेमातरम कहते थे।

तनाव मुक्ति के लिए आपसी संवाद होना जरूरी है : डॉ. सीमा त्यागी

बीकानेर, (कासं)। अजित फाउण्डेशन की मासिक व्याख्यान माला के तहत आज 'मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन' विषय पर मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुए सहायक आचार्य, स्वामी केश्वानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय डॉ. सीमा त्यागी ने कहा कि वर्तमान में हम सभी के जीवन में तनाव का दायरा बढ रहा है। जब तक परिस्थितियां हमारे अनुकूल होती है तब तक जीवन सरलता से चल जाता है। जैसे ही विपरित परिस्थितियां उभर कर आती है हम तनावग्रसित हो जाते हैं।

इस तनाव ग्रसित परिस्थिति में हमें अपनों से तथा अपने आपसे संवाद करना चाहिए, जिससे हमें नई दिशा मिलती है तथा नए विचार मिलते हैं। जब हमारा जीवन धारा के विपरित प्रवाह की ओर जाने लगता है तो हम तनाव में जाने लगते हैं। हमें अपने जीवन को

अजित फाउण्डेशन सभागार में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन व्याख्यान माला को डॉ. सीमा त्यागी ने संबोधित किया।

प्रत्येक स्थिति में अनुकूल रहने के लिए ढालना चाहिए। हमारे जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं, जब हम परिस्थितियों को समझ नहीं पाते और हमारे सामने एक प्रश्न चिन्ह लग जाता है कि अब आगे क्या करें। उस समय हमें अपनी अंतरात्मा को टटोलना चाहिए तथा सकारात्मक रहकर जीवन के फैसले लेने चाहिए।

डॉ. त्यागी ने युवाओं के साथ प्रायोगिक सत्र के दौरान उनको कागज पर अपनी ताकत एवं कमजोरियों के बारे में लिखने को कहा तथा बताया कि हमें अपनी ताकत को पहचान कर उसका सही दिशा में उपयोग करना चाहिए तथा कमजोरियों को कम करने के लिए उचित उपाय करने चाहिए।

संस्था समन्वयक संजय श्रीमाली ने कार्यक्रम के आरम्भ में बताया कि वर्तमान में युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन पर बात होनी बहुत आवश्यक है। क्योंकि युवा वर्ग तनाव से ग्रसित होकर अपने जीवन में कई नकारात्मक कदम उठाते है जो कि उनका जीवन बर्बाद कर देते हैं। उन्होंने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संवाद ही ऐसा जरिया है जिससे हम एक स्वस्थ सोच को विकसित कर सकते हैं।

पशु-पक्षियों का सेवा अभियान

बीकानेर, (कासं)। बालसंत छैल विहारी महाराज के सानिध्य और गोसेवी देवकिशन चांडक के संयोजन में एक माह तक पशु-पक्षियों की सेवार्थ अभियान जारी है।

मनु महाराज ने बताया कि सेवा कार्य के तहत समाजसेवी राजकुमारी व्यास, डॉ. रेशमा शर्मा, विनिता डागा, मंजू सारस्वत, रक्षा मंजू पारीक सहित 20 महिलाओं बालिकाओं की टीम ने स्व. डॉ. आलोक आचार्य की स्मृति में मुरलीधर क्षेत्र, पारीक चौक, एमएम ग्राउंड, गणेश मंदिर के चबूतरा स्थलों में सेवा की गई। बालसंत की टीम में बालक आसदेव की 10 बालकों की टीम और 30 सेवाभावी महिलाओं की टीम ओर हरिकिशन नागल के संरक्षण एवं दुर्गादास आचार्य विष्णुदत्त रंगा की अगुवाई में 50 सेवा भावी पुरूषों और नन्हें बालकों की टीम अलग-अलग इलाकों में एक माह में लगभग 151 क्विंटल चुग्गा एवं 50 क्विंटल भुजिया जलेबी से अलग पशु-पक्षियों एवं निराश्रित गोवंश, नंदी, श्वान और कीड़ी नाल सींचने में लगे हुए है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2025 Rajkaj Ref No. 5055 दिनांक :- 24.12.2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 जैड़ ए मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 25 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0" गुणा 40'-0" फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती प्रवीन रानी पत्नी श्री रामदास निवासी मकान नम्बर 26 गुरू नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती प्रवीन रानी पत्नी श्री रामदास निवासी मकान नम्बर 26 गुरू नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 जैड़ ए मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 25 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0" गुणा 40'-0" फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक:- नियमन/2025/5050 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 23/12/2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 06 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या 3-10 का माप 30'-0" गुणा 50'-0" फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री लाभ सिंह निवासी जे-10 खालसा नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री लाभ सिंह निवासी जे-10 खालसा नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 06 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या 3-10 का माप 30'-0" गुणा 50'-0" फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.12.2025
श्री योगेश बंसल पुत्र श्री नवदीप बंसल निवासी उमराओ कम्पनी की कोठी, रोडवेज बस डिपो के सामने, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को जरिये अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.9.2016 के द्वारा प्राप्त कर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 49/61 के किला नं. 05 में माप 50 वर्गगज	50 वर्गगज

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अधिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी।
RajKaj Ref. No. 19513209 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
क्र. :- LU2012/SGN/2025-26/101474 **लोक सूचना** दि. : 24.12.2025
महेश ट्रेडर्स जरिये पार्टनर्स आशीष गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी 2 बी 6 सुखाड़िया नगर श्री गंगानगर एंव रमेश कुमार मालपानी पुत्र हरखचन्द मालपानी निवासी मकान न. 20 सी ब्लॉक श्री गंगानगर एंव सतीश कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी 6 जे 32 वार्ड न. 36 जवाहर नगर श्री गंगानगर व भीम कुमार पुत्र ठंडी राम निवासी मकान न. 214 वार्ड न. 38 अग्रसेन नगर जवाहर नगर श्री गंगानगर एंव उर्मिला गोयल पत्नी सजेश कुमार गोयल निवासी मकान न. 23 गौशाला रोड पंजाब नेशनल बैंक के पीछे के ब्लॉक श्री गंगानगर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 7 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	महेश ट्रेडर्स जरिये पार्टनर्स आशीष गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी 2 बी 6 सुखाड़िया नगर श्री गंगानगर एंव रमेश कुमार मालपानी पुत्र हरखचन्द मालपानी निवासी मकान न. 20 सी ब्लॉक श्री गंगानगर एंव सतीश कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी 6 जे 32 वार्ड न. 36 जवा